पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-8

बुधवार, दिनांक-27 फरवरी, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) 24 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 674, जल संसाधन विभाग एवं क्रमांक 680, शिक्षा विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 197 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

आज दिनांक 27.02.2013 के लिए प्राप्त कार्यस्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(iv) श्री जनक सिंह
(v) श्री अशोक कुमार सिंह
(vi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(viii) श्री राजेश्वर राज
(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi) श्री कन्हैया कुमार
(xii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(xiii) श्री राजेश सिंह
(xiv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xv) श्री रामदेव महतो

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के दिनांक 25.02.2013 से स्थगित पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' एवं अन्य सभासदों के गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री पी०के० शाही द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती मनोरमा प्रसाद

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री अख्तरूल ईमान
(iii) श्री रामेश्वर पासवान
(iv) श्री मो० अफाक आलम
(v) श्री विनोद कुमार सिंह
(vi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(vii) श्री अवधेश कुमार राय
(viii) श्रीमती उषा सिन्हा
(ix) डा० अच्युतानन्द
(x) श्री पवन कुमार जायसवाल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री ललन राम

मा० प्रभारी मंत्री कला, संस्कृति एवं युवा विभाग श्रीमती सुखदा पाण्डे द्वारा विभाग की भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया ।

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री प्रशांत कुमार शाही द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

''सरकार की उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

[6] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 29 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 28.02.2013 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27.02.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।